# झारखण्ड विधान सभा

# दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या–03

पंचदश (बजट) सत्र
मंगलवार, दिनांकः–27 फरवरी, 2024 ई०।

**समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 12:58 अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

## 1. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआः–

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–31**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–03 | अ०सू०–06, श्री लोबिन हेम्ब्रम, स0वि0स0 (26.02.2024 से स्थगित एवं स्थानांतरित) | |
| | अ०सू०–30, श्रीमती सुनिता चौधरी, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–02, श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–21, श्री दुलू महतो, | स0वि0स0 |
| (ख) स्थगित कुल–01 | अ0सू0–22, श्री दुलू महतो, | स0वि0स0 (दिनांक–28.02.2024 हेतु) |
| (ग) अपृष्ठ कुल–01 | अ०सू०–04, श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, | स0वि0स0 |
| (घ) अनागत कुल–26 | क्रम संख्या–34 से 59 तक। | |

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–26**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–03 | क्र०सं०–18, डॉ0 इरफान अंसारी | स0वि0स0 |
| | क्र०सं०–19, डॉ0 लम्बोदर महतो | स0वि0स0 |
| | क्र०सं०–20, श्री राजेश कच्छप | स0वि0स0 |
| (ख) स्थगित कुल–01 | क्र०सं०–21, श्री कोचे मुण्डा | स0वि0स0 (दिनांक–28.02.2024 हेतु) |
| (ग) अनागत कुल–22 | क्र०सं०–22 से 43 तक। | |

## 2. सूचना दिया जाना

प्रश्नकाल के दौरान विभिन्न माननीय सदस्यों के द्वारा निम्न सूचनायें दी गयीः–

1. श्री मथुरा प्रसाद महतो, स0वि0स0 ने सूचना के माध्यम से जनजातीय शिक्षकों की बहाली करते हुए शीघ्र स्कूलों में पढ़ाई चालू कराये जाने की मांग की।
2. श्री अमर कुमार बाउरी, नेता, प्रतिपक्ष ने कहा कि युवाओं को लेकर दोनों पक्ष के सदस्यों ने अपनी भावना व्यक्त की है। जे.एस.एस.सी. परीक्षा में पेपर लीक मामले की सीबीआई जाँच हो, युवाओं को न्याय मिले।
3. श्री विनोद कुमार सिंह, स0वि0स0 ने सूचना देते हुए कहा कि दो दिन से सदन नहीं चल रहा है। राज्य गठन काल से ही जे.पी.एस.सी. जैसी परीक्षाएं भी विवादित रही। द्वितीय जे.पी.एस.सी. की सीबीआई जाँच हुई, प्रतिफल क्या निकला? जाँच एजेंसी बिना दबाव के शीघ्र कार्य सम्पादित करे।

4\. श्री शशिभूषण मेहता, स०वि०स० ने कहा कि पलामू जिला में कार्यपालक अभियंता बिना प्रशासनिक स्वीकृति के निविदा कर रहा है, जिस पर माननीय सदस्य श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने भी समर्थन किया। तत्पश्चात् आसन से निदेश दिया गया कि माननीय मंत्री इस पर संज्ञान लें।

## 3. शून्यकाल की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों में भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

## 4. वित्तीय कार्य

आसन द्वारा पुकारे जाने पर योजना–सह–वित्त विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री डॉ० रामेश्वर उराँव ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए **128900,00,00,000 (एक लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ करोड़)** रूपये मात्र का आय–व्ययक (बजट) का उपस्थापन सदन पटल पर किया। इसके बाद माननीय मंत्री द्वारा बजट भाषण पढ़ा गया।

माननीय वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण का शुभारंभ वीर भूमि झारखण्ड के अमर शहीदों एवं सभी नाम–अनाम वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किया, जिन्होंने देश के लिए स्वयं को न्योछावर कर एकता और अस्मिता की रक्षा की है।

उन्होंने राज्य के बजट को जल, जंगल, जमीन की चेतना से संवेदित झारखण्ड की महान जनता को समर्पित करते हुए राज्य के गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, मेहनतकश मजदूरों, किसानों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला बजट बताया।

इसके उपरान्त राजस्व आय, राज्य–कर आय, पूंजीगत आय, राजस्व व्यय, पूंजीगत व्यय सहित राजकोषीय घाटा आदि के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि वर्ष 2023–24 में राष्ट्रीय आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत की तुलना में राज्य का विकास दर 7.1 प्रतिशत रहा तथा वर्ष 2024–25 में इसका 7.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताते हुए राजकोषीय घाटा पर नियंत्रण, स्थापना व्यय में कमी आदि की विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। इसके पश्चात् बजट में प्रमुख विभागों यथाः कृषि, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, खाद्य, श्रम नियोजन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा व कमजोर वर्ग, वन पर्यावरण, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, ऊर्जा, नगर विकास, पर्यटन, सूचना एवं जनसंपर्क, गृह सहित योजना एवं विकास के निमित्त आवंटित राशि का उल्लेख किया गया।

इस क्रम में राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने कहा कि विषम आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ–साथ उनका ध्यान रखा, जो अपनी आवाज उठाने में सक्षम नहीं है। विकास की राह में सबसे अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को आगे लाने का प्रयास किया गया। सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, सुखाड़ राहत, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मरांड. गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना, धोती–साड़ी योजना, अबुआ आवास योजना सहित कई योजनाएं शुरू की गयी। साथ ही, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि में लगभग तीन गुणा की वृद्धि गई है, जो सीधे जनता की आकांक्षाओं, उम्मीदों और उनके उत्थान से जुड़ी हुई है।

मरांड. गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से युनाईटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एण्ड नॉर्दन आयरलैंड में अवस्थित चयनित विश्वविद्यालयों/संस्थानों में चयनित कोर्स में उच्च स्तरीय शिक्षा यथा मास्टर्स/एम०फिल० डिग्री ग्रहण करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने की बात कही गयी।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 13 विभागों द्वारा 43,411 करोड़ रूपये की राशि का परिणामी बजट (आउटकम बजट) सूत्रित किया गया था। आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 में 49,610 करोड़ रूपये का आउटकम बजट विधान सभा के पटल पर प्रस्तुत किया गया, जो विगत् वर्ष की तुलना में 14.28 प्रतिशत अधिक है। परिणामी बजट के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2024–25 में कुल 13 विभागों के 216 योजनाएं क्रियान्वित किये जाने की बात कही गयी। वित्तीय वर्ष 2023–24 की तुलना में योजना कम होने का मुख्य कारण कई विभागों में लघु योजनाओं को बड़ी योजनाओं में समाहित किया गया। इसके अलावा वेतन एवं मानदेय भुगतान की योजनाओं को परिणामी बजट से हटा दिया गया।

साथ ही वर्णित विभागों के निमित्त विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लागू किये जाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि चन्द्रोदय से पूरनमासी के सफर से आगे हमारी गठबंधन की सरकार समस्त झारखण्डवासियों को यह विश्वास दिलाती है कि हम प्रगति और खुशहाली के उस पथ पर अग्रसर हैं, जहाँ विकास का सूरज कभी अस्त नहीं होता है। वर्ष 2024–25 का बजट सम्मानीय सदन को समर्पित करते हुए कहा–

*है दृष्टि श्रेष्ठ प्रबंधन का*
*जल, जमीन और जंगल का*
*हर साथ को मिले जब रोजगार*
*अबुआ आवास की छत–दीवार*
*कर संपदा का सही इस्तेमाल*
*बने झारखण्ड समृद्ध–खुशहाल*
*गूंजे स्वर मीठे हर कौम से*
*खुशियाँ बरसेंगी तब व्योम से*
*लें प्रण, सब मिलकर करें प्रयास*
*हर "सोमरा–मंगरा" का हो विकास।*

(बजट भाषण के क्रम में विपक्षी सदस्यों द्वारा बजट को निराशाजनक बताते हुए विरोध स्वरूप 12:39 बजे अप० में सदन से बहिर्गमन किया गया।)

## 5. आसन से सूचना

सभा सचिवालय स्थित प्रथम तल के सेंट्रल हॉल में वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार की ओर से सभी माननीय सदस्यों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था किये जाने संबंधी सूचना आसन से दी गयी तथा उसमें सम्मिलित होने के लिए सादर अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही बुधवार, दिनांक–28 फरवरी, 2024 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।

राँची,
दिनांक–27 फरवरी, 2024